वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 अंक : 251 सोमवार 8 जनवरी 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

## सीएम भजनलाल ने मंत्रियों के साथ किया लंच

# तीन दिन जयपुर और तीन दिन फील्ड में रहने के निर्देश दिए

**मंत्रिमंडल विस्तार के बाद पहली बार सीएम भजनलाल शर्मा ने सभी मंत्रियों को सीएमआर में लंच पर आमंत्रित किया था। लंच पर अनौपचारिक बातचीत में सीएम भजनलाल शर्मा ने मंत्रियों के साथ आगामी कार्य योजना पर चर्चा की। वहीं, विकसित भारत संकल्प यात्रा को जन जन तक पहुंचाने की आगामी कार्ययोजना पर भी चर्चा हुई।**

जयपुर. कासं

मंत्रिमण्डल विस्तार के बाद आज सीएम भजनलाल शर्मा ने मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ पहली अनौपचारिक बैठक की। बैठक में सरकार की आगामी कार्ययोजना पर चर्चा हुई। सीएम भजनलाल शर्मा ने मंत्रियों को तीन दिन जयपुर और तीन दिन फील्ड में रहने के निर्देश दिए। बैठक में सीएम ने मंत्रियों से कहा कि विभाग में मंत्रियों को हार्ड वर्क करना हैं। जिससे योजनाएं धरातल पर अच्छे से लागू हो सके। दरअसल, मंत्रिमंडल विस्तार के बाद पहली बार सीएम भजनलाल शर्मा ने सभी मंत्रियों को सीएमआर में लंच पर आमंत्रित किया था। लंच पर अनौपचारिक बातचीत में सीएम भजनलाल शर्मा ने मंत्रियों के साथ आगामी कार्य योजना पर चर्चा की। वहीं, विकसित भारत संकल्प यात्रा को जन जन तक पहुंचाने की आगामी कार्ययोजना पर भी चर्चा हुई।

### ये मंत्री पहुंचे लंच पर

सीएमआर में लंच के लिए उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी, उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, कैबिनेट मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर, राज्यवर्धन सिंह राठौड़, मदन दिलावर, सुरेश रावत, जोराराम कुमावत, कन्हैया लाल चौधरी, अविनाश गहलोत, राज्य मंत्री संजय शर्मा, गौत्तम कुमार दक, ओटाराम देवासी, विजय सिंह चौधरी, मंजू बाघमार और केके विश्नोई पहुंचे।

### दो दिन पहले ही मिले हैं विभाग

सीएम भजनलाल शर्मा सहित दो उप मुख्यमंत्रियों ने 15 दिसम्बर को शपथ ली थी। वहीं, सीएम भजनलाल शर्मा ने अपने मंत्रिमंडल का विस्तार 29 दिसम्बर को किया था। इसमें उन्होंने 12 कैबिनेट, 5 राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और 5 राज्यमंत्री बनाए थे। वहीं, मंत्रियों को विभाग का बंटवारा सीएम ने 5 जनवरी को किया था। इसके बाद कई मंत्रियों ने अपने-अपने विभाग का कार्यभार संभाल लिया हैं। जल्द सीएम भजनलाल शर्मा अपने मंत्रिमंडल की पहली कैबिनेट बैठक बुला सकते हैं। इसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा सकते हैं। सीएमआर में बैठक के दौरान सीएम भजनलाल शर्मा ने मंत्रियों को तीन दिन जयपुर और तीन दिन फील्ड में रहने के निर्देश दिए। बैठक में



सीएम ने मंत्रियों से कहा कि विभाग में मंत्रियों को हार्ड वर्क करना हैं। जिससे योजनाएं धरातल पर अच्छे से लागू हो सके। वहीं, बैठक में सीएम ने मंत्रियों को 100 दिन की कार्य योजना के तहत काम करने के निर्देश दिए। पदभार संभालने के बाद सीएम ने सभी विभागों को 100 दिन की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए थे। जिसके आधार पर मंत्रियों को सीएम ने काम करने के निर्देश दिए।

### भर्ती परीक्षा के सफल आयोजन पर सीएम ने की एजेंसियों की तारीफ की

आरपीएससी की ओर से रविवार को सहायक आचार्य, लाइब्रेरियन और पीटीआई (कॉलेज शिक्षा विभाग) परीक्षा-2023 का आयोजन हुआ। बीजेपी सरकार बनने के बाद यह पहली परीक्षा थी। परीक्षा के सफल आयोजन पर सीएम भजनलाल शर्मा ने एजेंसियों की तारीफ की। सीएम ने कहा-परीक्षा को पारदर्शिता के साथ कराने के लिए पुलिस और प्रशासन अलर्ट रहा। मुख्यमंत्री ने भर्ती परीक्षा के शांतिपूर्ण एंव सफल आयोजन पर सभी एजेंसियों की प्रशंसा की।

**सीएम भजनलाल शर्मा ने अपने मंत्रिमंडल का विस्तार 29 दिसम्बर को किया था। इसमें उन्होंने 12 कैबिनेट, 5 राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और 5 राज्यमंत्री बनाए थे। वहीं, मंत्रियों को विभाग का बंटवारा सीएम ने 5 जनवरी को किया था। इसके बाद कई मंत्रियों ने अपने-अपने विभाग का कार्यभार संभाल लिया हैं।**

# निशुल्क कैंप में नाक-कान-गला के 20 ऑपरेशन एवं यूरोलॉजी के तीन ऑपरेशन सहित 450 मरीजों की जांच की गई







**प्रकाश पाटनी. शाबाश इंडिया**

भीलवाड़ा। सिद्धम हॉस्पिटल जयपुर की शाखा स्थानीय राजीव गांधी ऑडिटोरियम के सामने स्थित सिद्धम हॉस्पिटल भीलवाड़ा के 1 साल पूर्ण होने पर निशुल्क कान- नाक- गला एवं यूरोलॉजी कैंप सफलता के साथ संपन्न हुआ। जिसमें डॉ. ऋषभ जैन, डॉ. विनोद मीणा, डॉ. सच्चिदानंद, डॉ. एस आर नेहरा द्वारा मरीजों को देखा गया। सहायक डायरेक्टर तरुण जैन



एवम अस्पताल के अजीत जैन ने बताया कि कैंप में 450 मरीजों को देखा गया, जिसमें 220 मरीजों के सुनने की जांच ( ऑडियोमेट्री ) भी निशुल्क हुई, चयनित 40 मरीजों को निशुल्क सुनने की मशीन अतिथि हेमंत जी कोठारी, जितेंद्र मारू, विनोद शाह, भानु गोधा, संगीता ,मंजू , ललिता द्वारा सभी मरीजों को दी गई। मुकेश प्रवीण ने बताया कि डॉ. ऋषभ जैन एवं डा.विनोद मीणा द्वारा नाक- कान- गला के 20 मरीजों एवं डा. डॉ सच्चिदानन्द ने यूरोलॉजी के तीन मरीजों के रिहायती दरों पर ऑपरेशन किए गए। इस अवसर पर हेमंत कोठारी, विनोदशाह, एवं प्रकाश पाटनी ने कहा कि सिद्धम हॉस्पिटल द्वारा आयोजित कैंप में चिकित्सा के क्षेत्र में अनुकरणीय कार्य किया। जो सराहनीय है।

# चन्द्रप्रभ व पार्श्वनाथ का जन्म व तप कल्याणक मनाया



**धुलियान. शाबाश इंडिया।** मुर्शिदाबाद पश्चिम बंगाल में आचार्य शीतल सागर जी महाराज के सानिध्य में चन्द्र प्रभ भगवान का जन्म व तप कल्याणक तथा पार्श्वनाथ भगवान का 2900 वॉ जन्म व तप कल्याणक धुलियान मंदिर जी में मनाया गया। संजय बड़जात्या धुलियान मुर्शिदाबाद पश्चिम बंगाल।

# अयोध्या जैन तीर्थ प्रभावना रथ का 12 जनवरी को भीलवाड़ा नगर में मंगल प्रवेश होगा



**प्रकाश पाटनी. शाबाश इंडिया**

भीलवाड़ा। जैन समाज की सर्वोच्च साध्वी गणिनी प्रमुख आर्यिका शिरोमणि ज्ञानमती माताजी की पावन प्रेरणा आशीर्वाद से तीर्थंकर ऋषभदेव, अजितनाथ, अभिनंदननाथ, सुमतिनाथ, एवं अनंतनाथ आदि पांच तीर्थंकरों की जन्मभूमि शाश्वत तीर्थ अयोध्या से प्रवर्तित अयोध्या जैन तीर्थ प्रभावना रथ का भीलवाड़ा नगर में 12 जनवरी को मंगल प्रवेश होगा। रथ के प्रवर्तक संयोजक उदयभान जैन एवं दिलीप जैन जयपुर का भीलवाड़ा आगमन पर सभी मंदिरों के पदाधिकारी, सदस्यों को आमंत्रण पत्रिका देकर विमोचन किया। प्रकाश पाटनी ने बताया कि अयोध्या जैन तीर्थ प्रभावना रथ 12 जनवरी बापू नगर, 13 जनवरी सुभाष नगर, 14 जनवरी आर.के. कॉलोनी, 15 जनवरी आमलियोकी बारी, 16 जनवरी मेन सेक्टर शास्त्री नगर, 17 जनवरी न्यू हाउसिंग बोर्ड शास्त्री नगर, जमुना विहार, सीमन्धर जिनालय, 18 जनवरी चंद्रशेखर आजाद नगर पहुंचेगी। जहां समाजजन पहुंचकर अगवानी कर धर्म प्रभावनाका लाभ लेंगे। लक्ष्मीकांत जैन, पूनम चंद सेठी, प्रदीपचौधरी, नरेश गोधा, अशोक काटीवाल, पवन अजमेरा, दिनेश सेठिया, राकेश पाटनी, अनिल जैन, मुकेश बाकलीवाल, भेरूलाल बडजात्या आदि ने पत्रिका का विमोचन किया। प्रवर्तक रथ का नेतृत्व दिगंबर जैन त्रिलोक शोध संस्थान जम्मूद्वीप हस्तिनापुर के प्रतिष्ठाचार्य अकलंक कुमार जैन लखनऊ कर रहे हैं।

# तीर्थंकर चन्द्र प्रभू एवं पार्श्वनाथ जयन्ती पर जैन मंदिरों में गूंजे जयकारे

## पारस प्यारा लागो चवलेश्वर प्यारा लागो



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जैन धर्म के आठवें तीर्थंकर भगवान चन्द्र प्रभू एवं 23 वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ का जन्म व तप कल्याणक दिवस रविवार, 7 जनवरी को भक्ति भाव से मनाया गया ।इस मौके पर शहर के दिगम्बर जैन मंदिरों में पूजा अर्चना के विशेष आयोजन किये गये। अभादिजैन परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद जैन 'कोटखावदा' ने बताया कि प्रातः दोनों तीर्थंकरो के अभिषेक के बाद विश्व में सुख शांति और समृद्धि की कामना करते हुए शांतिधारा की गई । तत्पश्चात श्री जी की पूजा अर्चना की जाकर पूजा के दौरान मंत्रोच्चार के साथ भगवान चन्द्रप्रभू का जन्म कल्याणक श्लोक " कलि पौष इकादशि जन्म लयो, तब लोकविषै सुख थोक भयो। सुरईश जजें गिरशीश तबै, हम पूजत है नुतशीष अबै।। " बोलकर जन्म कल्याणक अर्घ्य चढाया गया।

इसी तरह से भगवान पार्श्वनाथ का जन्म कल्याणक श्लोक - ''जन्में त्रिभुवन - सुखदाता, एकादशि पौष विख्याता।श्यामा तन अदभुत राजै, रवि कोटिक - तेज सु लाजे।।'' बोलकर जन्म कल्याणक अर्घ्य चढाया गया ।इसी प्रकार दोनों तीर्थंकरो के तप कल्याणक अर्घ्य चढाये गये । इस मौके पर म्हारा चन्द्रप्रभू जी की सुन्दर मूरत म्हारें मन भाई जी......., पारस प्यारा लागो,जिनेश्वर प्यारा लागो...... के भजनों पर झूमते हुए शामिल हुए श्रद्धालुओं ने नाचते गाते पंचपरमेष्ठी, भगवान चन्द्रप्रभू एवं भगवान पार्श्वनाथ की महाआरती की। अभादिजैन परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद जैन 'कोटखावदा' के अनुसारआमेर के नटाटा स्थित श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में अध्यक्ष महेन्द्र कुमार साह आबूजीवाले के नेतृत्व में भगवान पार्श्वनाथ जयन्ती मनाई गई जिसमें मूलनायक भगवान पार्श्वनाथ का अभिषेक के बाद विश्व में सुख शांति और समृद्धि की कामना करते हुए मंत्रोच्चार के साथ भगवान की शांतिधारा की । तत्पश्चात अष्ट द्रव्य से श्री 1008 पार्श्वनाथ एवं भगवान चन्द्रप्रभू पूजा का आयोजन किया गया। पूजा के दौरान मंत्रोच्चार के साथ जन्म व तप कल्याणक अर्घ्य चढाये गये । इस मौके पर अध्यक्ष महेन्द्र कुमार, संजय साह आबूजीवाले, माया साह,मिनिका बिलाला,तनिषा बिलाला सहित बडी संख्या में जैन बन्धु शामिल हुए । श्री जैन के मुताबिक ख्वास जी का रास्ता स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर सोनियान में आचार्य चैत्य सागर एवं आचार्य सौरभ सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में भगवान पार्श्वनाथ के 108 कलशों से ऋद्धि मंत्रो के साथ अभिषेक एवं शान्तिधारा की गई। पंचामृत अभिषेक के बाद श्री कल्याण मंदिर पूजा विधान तथा आचार्य विमल सागर महाराज की पूजा की गई। धर्म सभा में दोनों आचार्यों के मंगल प्रवचन हुए। सायंकाल आरती एवं भक्ति संध्या के आयोजन किये गये। श्री जैन के मुताबिक एस एफ एस के श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में जन्म व तप कल्याणक के मौके पर समाजश्रेष्ठी सुरेन्द्र - सुनिता, शुभम - तन्वी एवं आयुषी जैन हल्दैनिया ने शांतिधारा का पुण्यार्जन किया। श्री जैन के मुताबिक दुर्गापुरा के श्री चन्द्र प्रभू दिगम्बर जैन मंदिर, सांगानेर के श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र मंदिर संघीजी, गलता रोड पर अतिशय क्षेत्र जग्गा की बावडी,आगरा रोड स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र चूलगिरी, सूर्य नगर तारों की कूंट पर श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, बैनाड़ स्थित श्री चन्द्र प्रभू दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र चन्द्रगिरी, मोती सिंह भोमियो का रास्ता स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर चौबीस महाराज,खोह नागोरियान स्थित श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र शांतिनाथ जी की खोह सहित शहर के 250 से अधिक जैन मंदिरों में भगवान चन्द्र प्रभू एवं पार्श्वनाथ के जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव पर पूजा अर्चना के विशेष आयोजन गये। अभादिजैन परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद जैन कोटखावदा के मुताबिक सोमवार, 8 जनवरी को आचार्य विमल सागर महाराज का 29 वां स्मृति महोत्सव मनाया जाएगा।इस मौके पर प्रातः 8.30 बजे घी वालों का रास्ता स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर ठोलियान से विशाल जुलूस निकलेगा। चांदी की पालकी में आचार्य विमल सागर महाराज की प्रतिमा विराजित रहेगी।जुलूस विभिन्न मार्गो से होता हुआ ख्वास जी का रास्ता स्थित पार्श्वनाथ मंदिर सोनियान पहुंचेगा जहां पर विनयांजलि सभा एवं मंगल प्रवचन होंगे।जैन के मुताबिक बुधवार, 10 जनवरी को जैन धर्म के 10 वें तीर्थंकर भगवान शीतलनाथ का ज्ञान कल्याणक दिवस भक्ति भाव से मनाया जाएगा।

# भगवान पार्श्वनाथ के जन्म एवं तप कल्याणक पर पार्श्वनाथ मण्डल विधान का हुआ आयोजन

## बड़ा जैन मंदिर एवं शिवाजी कालोनी पार्श्वनाथ मंदिर में हुआ मुख्य कार्यक्रम

**विमल जोला. शाबाश इंडिया**

निवाई सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में श्री दिगम्बर जैन बडा.मंदिर एवं पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर शिवाजी कालोनी सहित शहर के सभी दिगम्बर जैन जिनालयों मे भगवान चंद्र प्रभु एवं भगवान पार्श्वनाथ का जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव अनेक धार्मिक कार्यक्रम के साथ मनाया गया जिसमे पार्श्वनाथ मण्डल विधान आयोजित किया गया। जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला ने बताया कि जैन धर्म के आठवें तीर्थंकर भगवान चंद्र प्रभु एवं तेईसवें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ के जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव पर श्रद्धालुओं ने अभिषेक एवं शांतिधारा करने का सोभाग्य चारोल देवी विमल कुमार कमल कुमार एवं नेमीचंद जैन खणदेवत वालों को सोभाग्य



मिला इस दौरान विधानाचार्य निर्मल जैन सुनारा के मंत्रोच्चार द्वारा विधान मे नव देवता पूजा चंद्रप्रभु पूजा पार्श्वनाथ पूजा के साथ मण्डल विधान की पूजा अर्चना भक्ति भाव से की गई। विधान के बीच नेहा जैन, साक्षी जैन, सुरभि जैन, उर्मिला सोगानी, शकुंतला छाबड़ा एवं सुमित जैन ने मंगलाचरण किया। जैन धर्म प्रचारक विमल पाटनी जौंला एवं विमल सोगानी ने बताया कि विधान मे गायक विमल जौंला, निर्मल जैन एवं सुमित जैन विमल सोगानी ने भजनों की प्रस्तुतियां दी जिस पर श्रद्धालुओं ने भक्ति नृत्य पेश किए। इसी तरह शहर के सभी दिगम्बर जैन मंदिरों में दोनों भगवान के जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव मनाया।

## वेद ज्ञान

# निज अनुशासन को सदा महत्व दें

कहा जाता है कि अश्लील चर्चा, अश्लील चित्र, अश्लील फिल्म व वीडियो, अश्लील वार्ता और गलत लोगों का संग व्यक्ति के व्यक्तित्व को बहुत जल्दी खराब कर देता है। इसके अनेक उदाहरण समाज में अक्सर दिखलाई पड़ जाते हैं। प्राचीन उदाहरण देखना हो तो मैं आपसे कहूंगा कि ऋषियों में बड़ी श्रेष्ठ स्थिति थी 'कण्व ऋषि' की। उनका सौत्री नाम का पुत्र था। पिता ने खूब कोशिश की कि मेरा पुत्र बहुत ऊंचा उठे और समाज व संस्कृति के काम आए तथा उसमें कोई कमी न रह जाए। उन्होंने उसे बड़े संस्कार दिये, उसे जगाया, उसे संवारा व खूब संभाला, उसे तपस्या के आनन्द और शक्ति से जोड़ा। वह ऋषिपुत्र छोटी आयु में ही अच्छा तपस्वी बना, तपस्या करते-करते आसमान की ऊंचाइयां छुईं। उस युवा ऋषि में यौवन का उद्दाम और उत्साह चरम पर था। वह अपनी सारी ऊर्जा शक्ति साधना में लगाता रहा। लेकिन दुर्भाग्य देखिये- तपस्या के दौरान वह एक दिवस नदी में स्नान करने के लिए गया और वहां मछलियों की काम क्रीड़ा देखने लगा, उसे उसमें बड़ा रस आया। इसके साथ उसके मन में विकार जागे और तपस्या छोड़कर सीधा राजा के महल में गया और कहा कि मैं गृहस्थ होना चाहता हूं। ऋषियों में खलबली मच गई कि जिस युवा तपस्वी से सभी इतनी उम्मीदें थीं, जो बड़ी ऊंचाइयों पर पहुंच सकता था, जो युग की चाल को बदल सकता था, उसमें एक नई लहर पैदा कर सकता था, उसमें यह क्या हो गया? वह जाकर कहां बैठ गया? मित्रों! पता नहीं कहां और कब व्यक्ति का मन बिगड़ जाए, वह कब पतन की तरफ चला जाए। चूंकि मनुष्य में अंतर्निहित ऊर्जा अलग-अलग रूप में विस्फोटक स्वरूप में आती है, इसलिए उस असीम ऊर्जा को संभालना पड़ता है। उसको नीचे गिरने के लिए रास्ता चाहिए और उसको अगर थोड़ा सा भी रास्ता मिल गया तो वह पतन की तरफ चली जाएगी और तुम जहां जाना चाहते थे, वहां पहुंच नहीं पाओगे। इसीलिए मैं प्रायः कहता हूं कि अपने पर सदैव कड़ी दृष्टि रखने की जरूरत पड़ती है। निज अनुशासन को जो महत्व देते हैं, वे ऊंचे उठते चले जाते हैं। आप हमेशा ऊंचा उठना, नीचे मत गिरना।

## संपादकीय

# रोगियों पर परीक्षण करना आर्थिक भ्रष्टाचार से ज्यादा गंभीर

दिल्ली में आम आदमी पार्टी सरकार खासकर शिक्षा और स्वास्थ्य के मोर्चे पर विशेष ध्यान देने और जमीनी स्तर पर काम करने का दावा लगातार करती रही है। पार्टी इन क्षेत्रों में किए गए कामों को एक आदर्श के रूप में प्रचारित करती रही है। मगर शिक्षा और स्वास्थ्य के ढांचे में सुधार की हकीकत अक्सर ऐसी खबरों के जरिए सामने आती रही है, जिनसे कई सवाल उठते हैं। हाल ही में दिल्ली के कुछ



अस्पतालों में नकली दवाओं की आपूर्ति का मामला उठा। यह बेहद गंभीर इसलिए है कि किसी नकली दवा का दुष्प्रभाव भयावह नतीजे दे सकता है। यही वजह है कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने दिल्ली सरकार के अस्पतालों में नकली दवाओं की आपूर्ति की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो यानी सीबीआइ से कराने का आदेश दिया है। इस मसले पर उठे विवाद के बाद दिल्ली के उपराज्यपाल ने गृह मंत्रालय से मामले की सीबीआइ जांच की सिफारिश की थी। विचित्र है कि एक ओर दिल्ली के कुछ अस्पतालों में मरीजों के लिए नकली दवाएं भेजी जाती रहीं और दूसरी ओर सरकार स्वास्थ्य के मोर्चे पर बेहतरीन कामकाज का हवाला देती रही। इसके अलावा, पिछले वर्ष यह मामला भी सुर्खियों में आया था कि दिल्ली सरकार के बहुप्रचारित मोहल्ला क्लीनिकों में चिकित्सक नहीं आते, मगर उनकी उपस्थिति दिखाई जा रही थी। साथ ही, निजी प्रयोगशालाओं को लाभ पहुंचाने के मकसद से मरीजों को फर्जी जांच परामर्श दिए जा रहे थे। बाद में यह पहलू भी सामने आया कि फर्जी मरीजों पर परीक्षण किए गए। अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस क्रम में बिना विस्तृत जानकारी दिए जिन लोगों का परीक्षण किया गया होगा, उनकी सेहत के साथ किस स्तर का खिलवाड़ हुआ। इस मामले में भी उपराज्यपाल ने सीबीआइ जांच का आदेश जारी किया है। सवाल है कि आमतौर पर देश में अन्य पार्टियों की सरकारों को कथनी और करनी के स्तर पर अलग होने के लिए उन पर अंगुली उठाने वाली आम आदमी पार्टी की सत्ता में इस तरह की लगातार गड़बड़ियां क्यों सामने आ रही हैं! अस्पतालों में नकली दवाओं की आपूर्ति और रोगियों पर परीक्षण किसी आर्थिक गड़बड़ी के समांतर ज्यादा गंभीर भ्रष्टाचार है, जिसके शिकार हुए लोग या तो पहले से ज्यादा जटिल रोग का शिकार हो सकते हैं या फिर उनकी जान भी जा सकती है। इन तथ्यों के जगजाहिर होने के बावजूद आखिर सरकार का तंत्र कैसे काम कर रहा है कि अस्पतालों में दवा की आपूर्ति करने वाला कोई गिरोह नकली दवाएं भेज देता है या फिर किसी रोगी को गलत तरीके से परीक्षण की आंच में झोंक देता है। जब दावा करने का वक्त आता है तो आम आदमी पार्टी के कर्ताधर्ता हर महकमे में किसी भी तरह के भ्रष्टाचार को बर्दाश्त न करने की दुहाई देते हैं। अगर इसमें कोई सच्चाई है, तो मरीजों की सेहत और जान पर जोखिम के पक्ष को ताक पर रख कर कुछ भ्रष्ट लोग कैसे अपनी मनमानी करने में कामयाब हो जाते हैं?

**-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# ये बेहद घातक!

पता नहीं, पश्चिम बंगाल में कानून-व्यवस्था नाम की कोई चीज है भी या नहीं। सत्ता के समर्थक अपने हिसाब से राज्य को चलाने की कोशिश करते देखे जाते हैं। जो कुछ उनके प्रतिकूल नजर आता है, उसके खिलाफ हिंसा पर उतारू हो जाते हैं। राशन घोटाले से जुड़े आरोपों पर छापा डालने गए प्रवर्तन निदेशालय के दल पर हमला इसका ताजा उदाहरण है। राशन घोटाले से संबंधित एक आरोपी के घर प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारी पहुंचे, तो वहां ताला बंद मिला। उन्होंने घर का ताला तोड़ने की कोशिश की। तभी अचानक बड़ी संख्या में ग्रामीण लोग जमा हो गए और जांच दल पर हमला बोल दिया। उनके साथ गए केंद्रीय बल के कर्मियों पर भी हमला किया। उनकी गाड़ियों को तोड़-फोड़ दिया गया। जिस व्यक्ति के घर पर यह सब हुआ, उसे तृणमूल कांग्रेस का कार्यकर्ता और राज्य के खाद्य आपूर्ति मंत्री का करीबी बताया जाता है। आखिरकार जांच दल को बिना किसी कार्रवाई के वापस लौटना पड़ा। हालांकि पश्चिम बंगाल में यह पहली और अनोखी घटना नहीं है। इससे पहले भी कई बार जांचों में बाधा डालने, जांच दल को रोकने के प्रयास हुए हैं। करीब पांच वर्ष पहले सारदा चिटफंड घोटाले में राज्य के तत्कालीन पुलिस आयुक्त से पूछताछ के लिए सीबीआइ के अधिकरी पहुंचे थे, तब राज्य पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया था। उस जांच के विरोध में तो मुख्यमंत्री खुद रात भर धरने पर बैठी रहीं। पिछले कुछ वर्षों से विपक्षी दल केंद्र सरकार पर आरोप लगाते रहे हैं कि वह बदले की भावना से उनके खिलाफ जांच एजंसियों का इस्तेमाल कर रही है। इस आधार पर वे जांचों में सहयोग करने से भी बचते रहे हैं। मगर पश्चिम बंगाल में जिस तरह जांच एजंसियों का विरोध किया जा रहा है, वह अभूतपूर्व है। इससे यही जाहिर होता है कि राज्य सरकार को कानून पर भरोसा नहीं है। वह लाठी के बल पर अपने को सही साबित करने में यकीन करती है। राशन घोटाले में जांच का सिलसिला काफी समय से चल रहा है। आरोप है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत गरीबों को बांटे जाने वाले राशन का करीब तीस फीसद हिस्सा खुले बाजार में बेच दिया गया और उसका लाभ बिचौलियों ने आपस में बांट लिया। अगर राज्य सरकार और उसके पार्टी समर्थकों को लगता है कि वे बेदाग हैं, तो उन्हें अपने पक्ष में सबूत और तर्क पेश करने चाहिए। इस तरह लाठी-डंडे के जोर पर वे कब तक हकीकत पर पर्दा डालने में कामयाब हो सकते हैं। छिपी बात नहीं है कि ममता शासन में तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ता कानून अपने हाथ में लेने से तनिक नहीं हिचकते। हर चीज का फैसला वे अपने ढंग से करना-कराना चाहते और इसके लिए खुलेआम हिंसा का सहारा लेते हैं। इसकी वजहें भी जाहिर हैं। खुद ममता बनर्जी अपने समर्थकों-कार्यकर्ताओं के उपद्रव, उद्दंडता और हिंसक गतिविधियों का बचाव करने उतर आती हैं। वे अपने कार्यकर्ता को छुड़ाने एक बार थाने तक में पहुंच गई थीं। स्वाभाविक ही इससे उनके कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ा है और वे सरकारी कल्याणकारी योजनाओं को भी अपने ढंग से संचालित करते देखे जाते हैं। अगर कोई व्यक्ति अंगुली उठाता है, तो उसकी जान पर बन आती है। चुनावी हिंसा और प्रतिहिंसा तो वहां लगातार चलती रहती है।

# चन्द्रप्रभ भगवान एवं पार्श्वनाथ भगवान के जन्म तप कल्याणक महोत्सव मनाया





**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री 1008 चन्द्रप्रभ भगवान एवं पार्श्वनाथ भगवान के जन्म तप कल्याणक महोत्सव पर पोष बदी ग्यारस रविवार दिनांक 07.01.2024 को श्री दिगम्बर जैन मन्दिर चन्द्रप्रभजी दुगार्पुरा जयपुर में प्रातः प्रथम अभिषेक शांतिधारा करने का पुण्यार्जन श्री रवि जी जैन सुपुत्र श्रीमती मुन्ना देवी जी जैन गोधा परिवार ने प्राप्त किया। चन्द्रप्रभ विधान पूजा में सोधर्म इन्द्र इंद्राणी का शोभाग्य श्री महेन्द्र कुमार जी निर्मला जी जैन सेठी ने प्राप्त किया साथ में सत्ताइस पुण्यार्जक परिवारों ने इस पावन अवसर पर अपने परिवार का नाम शांति धारा में उच्चारित कराकर पुण्य अर्जित किया।ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री प्रकाश चन्द जैन चांदवाड़ एवं मंत्री राजेन्द्र कुमार जैन काला ने बताया कि विधानाचार्य पंडित दीपक कुमार जी जैन शास्त्री ने संगीतकार साक्षी जैन एंड पार्टी की स्वर लहरियों में विधान पूजा सम्पन्न करवाई। विधान में कुबेर इन्द्र अजित जी शशि जी तोतूका ऐशान इन्द्र श्री कैलाश चन्द जी कैलाशी बाई जी सानत कुमार इन्द्र अनुज जी सोनिया जी बड़जात्या के साथ सभी इन्द्र इंद्राणियों ने बड़े भक्ति भाव से विधान पूजा कर पुण्य अर्जित किया। अन्त में समाज के सामूहिक वात्सल्य भोजन का आयोजन हुआ। ट्रस्ट के अध्यक्ष ने सभी का धन्यवाद् करते हुए आभार व्यक्त किया। दो दिवसीय कार्यक्रम में पूर्व संध्या पर शनिवार को पंडित दीपक जी शास्त्री के निर्देशन में संगीतकार साक्षी जैन एंड पार्टी के मधुर स्वर में रात्रि 7.00 बजे से भक्तामर स्तोत्र पाठ ऋद्धि सिद्धि मंत्रों के साथ दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

## नो फणी भगवान पार्श्वनाथ की वृहद शांति धारा की

### श्री जी को रथ में विराजमान कर नगर परिक्रमा लगाई



**निमोला, टोंक. शाबाश इंडिया।** पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र निमोला में आयोजित भगवान पार्श्वनाथ के 2900 वें जन्म व तप कल्याणक महोत्सव एवं दो दिवसीय वार्षिक उत्सव के तहत रविवार को प्रातः भगवान पार्श्वनाथ का अभिषेक एवं रिद्धि मंत्रों के उच्चारण के साथ वृहद शांतिधारा कर भगवान का जन्म जयन्ती महोत्सव मनाया गया नो फणी भगवान पार्श्वनाथ की पूजा कर भगवान को अर्ध्य एवं श्रीफल समर्पित किए गए पंडित मनोज शास्त्री एवं अभिषेक शास्त्री के सानिध्य में उपस्थित इंद्र इंद्राणीयो ने भगवान पार्श्वनाथ को 148 अर्ध्य एवं श्री फल चढ़ाए। समाज के प्रवक्ता राजेश अरिहंत ने बताया कि इस अवसर पर श्री जी को सिर पर धारण कर रथ में विराजमान किया गया तत्पश्चात एक विशाल शोभायात्रा मंदिर से रवाना होकर संपूर्ण निमोला ग्राम में परिक्रमा लगाते हुए पांडाल परिसर में पहुंची शोभायात्रा में जैन समाज के महिला पुरुष नाचते गाते भगवान पार्श्वनाथ के जयकारे लगाते हाथों में केसरिया ध्वज थामे हुए चल रहे थे समाज के युवा श्री जी के रथ को अपने हाथों से खींचकर चला रहे थे श्रावकों ने रथ यात्रा का अपने घरों के सामने भगवान की आरती उतारकर श्रीफल चढ़ाकर आशीर्वाद लिया पांडाल परिसर में रजत जड़ित समोशरण में विराजमान कर करतल ध्वनियों एवं भगवान पार्श्वनाथ के जयकारों के साथ श्री जी का जलाभिषेक किया गया।

## स्वयंसिद्धा प्रदर्शनी में उमड़ा शहर




**अमित गोधा. शाबाश इंडिया**

ब्यावर। लघु उद्योग भारती, ब्यावर की महिला शाखा के तत्वावधान में दो दिवसीय 'स्वयंसिद्धा उत्तरायण उमंग' प्रदर्शनी का समापन किया गया। आत्मनिर्भर भारत की पहचान और महिला उत्थान थीम पर शुरू हुई इस प्रदर्शनी में राजस्थान की 50 से अधिक महिला उद्यमियों द्वारा भाग लिया गया, जो अपने-अपने उत्पाद का प्रदर्शन कर एक अच्छी राशि का व्यापार कर संतुष्ट हुई। महिला शाखा अध्यक्षा अर्पिता शर्मा ने बताया कि इस प्रदर्शनी में ब्यावर शहर के अलावा अजमेर, पाली, किशनगढ़, जयपुर, जोधपुर, चित्तौड़ सहित कई शहरों के उद्यमी सम्मिलित हो रहे हैं। इस प्रदर्शनी के माध्यम से लघु उद्योग भारती द्वारा नवीनतम कला, संस्कृति, पहनावा, नई तकनीकें व नए स्किल्ड खेलों को सांझा करने का एक प्रयत्न प्रयास किया गया और निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि इस प्रदर्शनी से हम महिला सोच को नई दिशा और नए विचारों से हम और नए सृजनात्मक संग्रहों के साथ भागीदार बनाने में कामयाब हुए हैं। प्रदर्शनी संयोजिका कविता नाहर और शोभन्ता मेहता ने बताया कि Exhibitior का ज्यादा से ज्यादा व्यापार हो, इसलिए नगर में राशि देकर कूपनों का विक्रय किया गया था । जिन महिलाओं के पास प्रोडक्ट नही है, उन्हें एक दिशा देने का प्रयास भी इस प्रदर्शनी के माध्यम से किया गया। मुख्य शाखा से प्रदर्शनी संयोजक रवि झंवर ने बताया कि इस प्रदर्शनी में 2 हॉल में सामान्य प्रकार की प्रदर्शनियों के साथ साथ वुडन फर्नीचर, सोलर, फूड प्रोसेसिंग यूनिट, बैंक ऑफ इंडिया की सिडबी और यू ग्रो फाइनेंस कंपनी की सेवाएं भी उपलब्ध कराई गई। ब्यावर नगर में पहली बार अनूठे स्तर की आयोजित हुई इस प्रदर्शनी में सपत्नीक पधारे पी जी फाइल्स के एम डी श्री पंकज जी शाह ने भी उन्मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

# धूमधाम से मनाया जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर भगवान पारसनाथ का जन्मोत्सव

**चंद्रेश कुमार जैन. शाबाश इंडिया**



श्रीमहावीरजी। रविवार को कस्बा स्थित कांच वाले मंदिर जी परिसर में जैन धर्म के 23 वे तीर्थंकर भगवान पारसनाथ स्वामीजी का जन्म महामहोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर कस्बे के शांति वीर नगर, कमल मंदिर, महावीर धाम, कृष्णा बाई माताजी आदि मंदिरों में सुबह से ही धार्मिक कार्यक्रम शुरू हुए वह दोपहर तक अनवरत चलते रहे। कांच वाले भगवान पार्श्वनाथ मंदिर के व्यवस्थापक नवीन जैन ने बताया कि जन्म महामहोत्सव के मौके पर प्रातः 7:30 बजे भगवान पार्श्वनाथ स्वामी जी मूलनायक प्रतिमा का 11 किलो दूध से पंचामृत अभिषेक, बड़ी शांति धारा एवं 8 बजे जन्मोत्सव लड्डू चढ़ाया गया। कृष्णावाई जी मंदिर में दोपहर भगवान पार्श्वनाथ विधान विधान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। शाम 7:30 बजे 108 दीपकओं द्वारा महाआरती तत्पश्चात भजन संध्या, प्रश्न मंच, सांस्कृतिक कार्यक्रम किए गए। इसी प्रकार जन्म महामहोत्सव के मौके पर कस्बे के श्री दिगंबर जैन मुमुक्षु महिला आश्रम कृष्णा बाई माताजी जैन मंदिर में महोत्सव को धूमधाम के साथ मनाया गया। मैनेजर ने बताया कि कार्यक्रम की बेला में प्रातः 7 बजे श्रीजी का अभिषेक, शांति धारा, 7:30 बजे 9:30 बजे नवग्रह मंदिर में श्री पार्श्वनाथ भगवान का 108 कलशो द्वारा महामस्तकाभिषेक किया गया। दोपहर 1 बजे विश्व शांति की कामना के लिए शांति विधान का आयोजन किया गया। इस मौके पर श्रद्धालुओं को प्रवचन सुनाएं। इस मौके पर कांच वाले मंदिर में प्रसादी का वितरण अरुण कुमार जैन मयंक कुमार जैन धर्मपुरा निवासी की तरफ से किया गया । इस अवसर पर स्थानीय जैन समाज के सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

# देवाधिदेव पार्श्वनाथ भगवान का जन्म-तप कल्याणक महोत्सव मनाया

**टीकमगढ़. शाबाश इंडिया**



प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण बुंदेलखंड की पावन पुनीत प्राचीन धरा श्री 1008 दिगम्बर जैन सिद्धक्षेत्र अहार जी (टीकमगढ़)मदनकुमार कामदेव और विष्कम्बल केवली की मोक्षस्थली पंचपहाड़ी पर नव निर्मित जिनालय के मूलनायक पद्मासन मुद्रा में विराजमान (11.25फीट उत्तुंग) देवाधिदेव विघ्नविनासक चैतन्य चमत्कारी चिंतामणि पार्श्वनाथ भगवान के 2900 वा जन्म एवं तप कल्याणक महामहोत्सव बड़े ही भक्तिभाव से पंडित सिद्धांत जैन कोठिया के कुशल निर्देशन में किया गया। प्रातःकालीन बेला मे 1008 देवाधिदेव चिंतामणि पार्श्वनाथ भगवान का महामस्तकाभिषेक शांतिधारा की गई। तत्पश्चात पार्श्वनाथ विधान का वचन किया गया,विद्यालय के छात्रों द्वारा देवाधिदेव चिंतामणि पार्श्वनाथ भगवान के झूला झूलने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर ग्रामीण अंचलो से काफी संख्या मे श्रावक श्रेष्ठि समलित हुये। कार्यक्रम को ऊंचाईयों तक ले जाने मे पिन्टू सिंघई टीकमगढ़,वीरेन्द्र जैन प्रबंधक,विजय कोठिया मुकेश जैन लार वीरेन्द्र सापोन एवं विद्यालय के छात्रों का सराहनीय सहयोग रहा।

# जैन समाज ने भक्तिभाव से मनाया श्री चंद्रप्रभु भगवान व श्री पार्श्वनाथ भगवान का जन्म व तप कल्याणक



**वी के पाटोदी. शाबाश इंडिया**

सीकर। श्री दिगंबर जैन समाज सीकर द्वारा शहर के समस्त जैन मंदिरों में वीर निर्वाण संवत 2550 पौष माह कृष्ण पक्ष एकादशी वार रविवार के दिन जैन धर्म के 8वें तीर्थंकर देवाधिदेव 1008 श्री चंद्रप्रभु भगवान एवं 23वें तीर्थंकर देवाधिदेव 1008 पारसनाथ भगवान का जन्म एवं तप (दीक्षा) कल्याणक भक्ति भाव के साथ मनाया गया। जैन मंदिरों में प्रातः सर्वप्रथम भगवान के कलशाभिषेक हुए , जिसके पश्चात विशेष पूजा अर्चना व विधान आदि मांगलिक कार्यक्रम हुए । विवेक पाटोदी ने बताया कि इस अवसर पर जाट बाजार स्थित दीवान जी की नसियां में प्रातः तीर्थंकरों के अभिषेक के बाद विश्व में सुख शांति और समृद्धि की कामना करते हुए शांतिधारा की गई। विधान के दौरान श्रीजी की पूजा अर्चना कर पूजा के दौरान मंत्रोच्चार के साथ दोनों तीर्थंकरों के जन्म व तप कल्याणक अर्घ्य चढ़ाए गए। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने 'पारस प्यारा लागो, जिनेश्वर प्यारा लागो...' और ₹म्हारा चंद्रप्रभु जी की सुंदर मूरत म्हारे मन भाई रे..₹जैसे भजनों पर भावपूर्ण नृत्य किया। श्रद्धालुओं ने नाचते गाते चंद्रप्रभु भगवान एवं पार्श्वनाथ भगवान की महाआरती की । ज्ञात हो कि आज से कई हजार वर्ष पूर्व बनारस नगरी उत्तर प्रदेश में दोनों तीर्थंकर भगवान का जन्म एवं तप( दीक्षा ) कल्याणक हुआ था। तब से पूरे भारत में यह दिन जन्म तप कल्याणक महोत्सव के रूप में मनाया जाता है।



# स्वस्तिक ग्रुप का नव वर्ष समारोह आयोजित

**जयपर. शाबाश इंडिया**

दिगंबर जैन सोशल ग्रुप, स्वस्तिक का 6 जनवरी को नव वर्ष मिलन होटल हवाई छतरी में संपन्न हुआ। अध्यक्ष सतीश बाकलीवाल ने 58 साथियों का स्वागत और अभिनंदन किया। नव वर्ष शुभ हो ऐसी भावना की और बताया कि चित्र अनावरण प्रदीप संगीता सोनी ने और दीप प्रज्वलन राजेश नीता बाकीवाला ने किया। मंत्री अजीत बड़जात्या ने प्रभावशाली मंच संचालन किया। मंगलाचरण मधु बाकलीवाल, शकुन बड़जात्या, रेखा ठोलिया और रंजना बोहरा ने किया। हाऊजी गेम किरण जैन और नीता ने खिलाया। नए सदस्यों का और DOB और **DOM** वाले सदस्यों का सम्मान किया। मंत्री अजीत बड़जात्या ने सभी का धन्यवाद किया और शानदार भोजन के साथ मीटिंग संपन्न हुई।








## विज्ञातीर्थ पर मनाया गया भगवान चन्द्रप्रभ व पार्श्वनाथ जी का जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव




**गुंसी, निवाई. शाबाश इंडिया**

श्री दिगम्बर जैन सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ , गुंसी ( राज. ) की पावन धरा पर विराजित भारत गौरव गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी के ससंघ सान्निध्य में भगवान चंद्रप्रभ जी व पार्श्वनाथ जी का जन्म व तप कल्याणक महोत्सव हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। प्रभु भक्तों ने भक्ति भावों से भगवान के श्री चरणों में अष्टद्रव्य मय अर्घ्य समर्पित किये। तत्पश्चात उपस्थित जनसमुदाय के लिए संबोधन देते हुए माताजी ने कहा कि जिनका जन्म, तप करने के लिए ही हुआ है। उन्हीं का हम आज जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव मना रहे हैं यह हम सबका सौभाग्य है । सभी प्राणी जन्म लेते हैं और मरण को प्राप्त हो जाते हैं। परंतु जिन महान तीर्थंकरों का जन्म हुआ, वे तो तप के प्रभाव से अजन्मा संज्ञा को प्राप्त हो चुके अर्थात अखण्ड मोक्ष पद को प्राप्त हो चुके। उन सभी भगवंतों के चरणों में बारम्बार नमन हो। विज्ञातीर्थ क्षेत्र पर संजय जी निमोडिया जयपुर ने गुरु माँ आशीर्वाद एवं आहार चर्या करने कराने का सौभाग्य। अखिल भारतवर्षीय जैन समाज से पधारे हुए यात्रियों को क्षेत्र के दर्शनों का लाभ प्राप्त हुआ।



# किडनी स्वस्थ कैसे रखें...

शाबाश इंडिया

किडनी हमारे शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंगों में से एक हैं। वे हमारे शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने, रक्तचाप को नियंत्रित करने, लाल रक्त कोशिकाओं के उत्पादन में मदद करने, और हड्डियों के स्वास्थ्य को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

**किडनी को स्वस्थ रखने के लिए कुछ महत्वपूर्ण बातें हैं जिन्हें आपको ध्यान में रखना चाहिए:**

पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं। किडनी को स्वस्थ रखने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीना आवश्यक है। प्रति दिन कम से कम 8-10 गिलास पानी पीने का लक्ष्य रखें। स्वस्थ आहार खाएं। स्वस्थ आहार किडनी के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है। फाइबर से भरपूर खाद्य पदार्थ, जैसे कि फल, सब्जियां, और साबुत अनाज, किडनी को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। प्रोटीन का सेवन सीमित करें, खासकर यदि आपको किडनी की बीमारी है। नमक का सेवन सीमित करें। नमक का अधिक सेवन किडनी के लिए हानिकारक हो सकता है। प्रति दिन 2,300 मिलीग्राम से कम नमक का सेवन करने का लक्ष्य रखें। धूम्रपान और शराब का सेवन न करें। धूम्रपान और शराब का सेवन किडनी के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। यदि आप धूम्रपान करते हैं या शराब पीते हैं, तो इन आदतों को छोड़ने का प्रयास करें। नियमित रूप से



व्यायाम करें। नियमित रूप से व्यायाम करने से किडनी के स्वास्थ्य में सुधार होता है। सप्ताह में कम से कम 150 मिनट मध्यम-तीव्रता वाला एरोबिक व्यायाम करने का लक्ष्य रखें। यदि आपको किडनी की बीमारी है, तो अपने डॉक्टर के निर्देशों का पालन करना महत्वपूर्ण है। किडनी की बीमारी के लिए कई दवाएं और उपचार उपलब्ध हैं।

**यहां कुछ अतिरिक्त सुझाव दिए गए हैं जो आपको किडनी को स्वस्थ रखने में मदद कर सकते हैं:**

अपने रक्तचाप और रक्त शर्करा के स्तर की निगरानी करें। उच्च रक्तचाप और उच्च रक्त शर्करा के स्तर से किडनी की बीमारी का खतरा बढ़ सकता है। नियमित रूप से अपने डॉक्टर से जाँच करवाएं। किडनी की बीमारी के शुरूआती लक्षणों का पता लगाने के लिए नियमित रूप से अपने डॉक्टर से जाँच करवाना महत्वपूर्ण है। किडनी स्वस्थ रखने के लिए इन सरल चरणों का पालन करके, आप अपने स्वास्थ्य में सुधार कर सकते हैं और किडनी की बीमारी के जोखिम को कम कर सकते हैं।



डॉ पीयूष त्रिवेदी
आयुर्वेदाचार्य
चिकित्साधिकारी राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय राजस्थान विधानसभा,जयपुर।
9828011871

## ओसवाल सभा महिला प्रकोष्ठ का गठन हुआ




### किरण पोखरना अध्यक्ष एवं वंदना बाबेल सचिव मनोनीत

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** ओसवाल भवन प्रांगण में ओसवाल सभा महिला प्रकोष्ठ का गठन करने हेतु महिला सदस्यों की मीटिंग रखी गई, जिसमें 100 से भी अधिक महिलाओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। नवकार मंत्र से मीटिंग का शुभारंभ किया गया। उपस्थित सभी महिलाओं ने अपना परिचय देने के साथ ही कुछ महिलाओं ने महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। उल्लेखनीय है कि ओसवाल सभा का पूर्व में भी एक महिला संगठन ओसवाल महिला मंच के नाम से कार्यरत है जो कि माया सिरोया एवं कौशल्या जैन के नेतृत्व में संचालित है जिसमें लम्बे अर्से से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते आ रहे है। ओसवाल सभा के अध्यक्ष प्रकाश चंद्र कोठारी ने अपने विचार व्यक्त किए साथ ही किरण पोखरना को ''ओसवाल सभा महिला प्रकोष्ठ'' का अध्यक्ष एवं वंदना बाबेल को सचिव पद हेतु मनोनीत किया व इनके नेतृत्व में उदयपुर के लगभग सभी क्षेत्रों से महिला प्रतिनिधित्व को ध्यान में रखते हुए कार्यकारिणी के विस्तार की बात कही। सचिव आनन्दी लाल बम्बोरिया ने भी महिलाओं का उत्साहवर्धन किया। किरण पोखरना ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में भावी योजनाओं से अवगत कराया एवं कहा कि सभी को साथ लेकर पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य करूंगी। वन्दना बाबेल ने महिलाओं को अधिक से अधिक संख्या में इस संगठन के साथ जुड़ने का आव्हान किया। संगिनी मैन की अध्यक्ष डॉ प्रमिला जैन ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि समाज को आगे बढ़ाने में महिलाएं सशक्त भूमिका निभा सकती है। स्नेहलता मोगरा ने सभी आगंतुक महिलाओं का आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ नीता मेहता ने किया।शिल्पा पोखरना व स्नेहलता कंठालिया ने सभी आगंतुक महिलाओं का तिलक लगाकर स्वागत किया। इस मीटिंग में उमा कोठारी, अनिता गांधी, डॉ नीता मेहता,डॉ प्रमिला जैन, साधना मेहता, अनिता भाणावत, रेखा भाणावत आदि कई गणमान्य महिलाएं उपस्थित थीं। कार्यक्रम के अंत में सभी ने लजीज भोजन का लुफ्त उठाया।

## मोदी बोले- नौसेना ने अरब सागर में साहसी ऑपरेशन किया

**जयपुर. कासं।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- भारतीय नौसेना ने दो दिन पहले बहुत ही साहसी ऑपरेशन को अंजाम दिया। अरब सागर में आगे बढ़ रहे एक मर्चेंट वेसल (प्राइवेट जहाज) से जैसे ही संकट में होने का संदेश मिला, भारतीय नेवी और मरीन कमांडो तेजी से एक्टिव हो गए। इस जहाज पर 21 लोग थे। इनमें से 15 भारतीय थे। भारत के समुद्र तट से करीब 2 हजार किलोमीटर दूर पहुंचकर नौसेना ने सभी को संकट से बाहर निकाला।

### आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# सांस्कृतिक आदान-प्रदान के प्रयोजन से राइड फॉर रैली प्रतिभागी गोवा रवाना




## विश्व के 13 देशों के 45 रोटेरियन बने प्रतिभागी

**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

मैसूर, कर्नाटक से आए रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3181 के राइड फॉर रोटरी रैली प्रतिभागियों को 1600 किमी की यात्रा के लिये हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे पूर्व रोटरेक्ट क्लब एश्वर्या की ओर से चित्रकूट नगर स्थित एश्वर्या कॉलेज में रैली प्रतिभागियों के लिये स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रोटरैक्ट क्लब ऐश्वर्या ने सदस्यों का भारतीय पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। अध्यक्ष ऐश्वर्या सिंह ने बताया कि यह रैली रोटरी क्लब फाउण्डेशन के सहयोग से आयोजित की जा रही है। उन्होंने बताया कि यह रैली पूर्व में जयपुर से आयोजित होनी थी लेकिन वहां से गोवा की दूरी अधिक होने के कारण इसे उदयपुर से शुरू किया गया। रैली 15 दिन में राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा होती हुई कर्नाटक में सम्पन्न होगी। इस दौरान रैली सदस्य मोटरसाईकिल व कार से 1600 किमी का सफर तय करेंगे। उन्होंने बताया कि सांस्कृतिक आदान-प्रदान के साथ एक अद्भुत अंतरराष्ट्रीय सेवा परियोजना करने का मौका पाकर क्लब अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। इस प्रकार के कार्यक्रम के आयोजन से दुनिया भर के रोटेरियनों से मिलने से रोटरेक्टर्स के कई मुद्दों की जानकारी मिलती है और अनुभवी लोगों के साथ साझा करने से बहुत बड़ी सीख मिलती है। इससे कई सेवा परियोजनाओं में मदद मिलेगी। बता दें, इस राइड फॉर रैली में भारत के 4 राज्यों के अलावा यूएसए, यूके, रोमानिया, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, नॉर्वे, पोलैंड, जर्मनी, स्पेन, डेनमार्क, बेल्जियम सहित 13 देशों के 45 रोटेरियन भागीदारी निभा रहे हैं। उपाध्यक्ष रोटेरेक्टर हर्षवर्द्धन सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में रोटरेक्टर्स फेबा, आरटीआर कोमल भोई और सुमित्रा ग्रुप ने नृत्य प्रस्तुति दी। समारोह में स्थानीय पूर्व प्रान्तपाल निर्मल सिंघवी, रोटरी क्लब उदयपुर अध्यक्ष गिरीश मेहता, डॉ. प्रिया मेहता, सचिव एडवोकेट विवेक व्यास, रोटरी क्लब अशोका अध्यक्ष मुकेश माधवानी सहित अन्य पदाधिकारी और प्रभारी अध्यापिका डॉ. रक्षा शर्मा, डॉ.नेहा सेन, विपुल देव बेनीवाल, डॉ. राशि माथुर गजाराम सीरवी भी मौजूद रहे। रोटरी क्लब मैंगलोर से आये रैली के अध्यक्ष आरटीएन कंतराज ने बताया कि पिछले 8 वर्षो से प्रतिवर्ष इस रैली का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3181 टीम ने दो मार्गों का निर्णय लिया। पहला रूट-उदयपुर-गोवा-मैसूर जनवरी 2024 से शुरू हुआ और दूसरा रूट-चंडीगढ़ से लेह जून 2024 में शुरू होगा। सचिव आरटीआर सनय उपाध्याय ने अंत में आभार ज्ञापित किया और बताया कि प्रतिभागियों ने राजस्थानी परिधान एवं उसकी,राजस्थानी भोजन, संगीत, नृत्य की सराहना की। प्रारम्भ में आरटीआर पंकज गायरी द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया। मार्ग परीक्षण आरटीआर राघव देवल द्वारा एवं स्वागत नृत्य प्रस्तुति आरटीआर नंदिनी द्वारा दी गई। कार्यक्रम का संचालन रोटेरियन निशिका कुमावत ने की। **रिपोर्ट/फोटो : राकेश शर्मा 'राजदीप'**

# आचार्य विनीत सागर जी महाराज ससंघ के पावन सानिध्य में आठवें तीर्थकर चन्द्र प्रभु भगवान एवं 23 वें तीर्थंकर पार्श्वनाथ भगवान का जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव मनाया



**फागी. शाबाश इंडिया।** कस्बे में आचार्य 108 विनीत सागर जी महाराज स संघ के पावन सानिध्य में जैन धर्म के आठवें तीर्थकर चंद्र प्रभु भगवान एवं 23 वें तीर्थंकर पार्श्वनाथ भगवान का जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया जैन महासभा के प्रतिनिधि राजाबाबू गोधा ने अवगत कराया कि कार्यक्रम में विरेन्द्र कुमार -श्रीमती चैना देवी , रौनक तथा रोनिका नला वाले समस्त परिवार जनों की अगुवाई में आचार्य विनीत सागर जी महाराज स संघ, तथा आर्यिका श्रुतमति माताजी आर्यिका सुबोध मति माताजी स संघ के पावन सानिध्य में चंद्र प्रभु नसियां से श्री जी को पालकी में विराजमान कर बीचला मंदिर पार्श्वनाथ जिनालय तक सारे समाज के श्रावक श्राविकाएं द्वारा जुलूस के द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में बीचला मंदिर में नला परिवार की तरफ से भगवान पार्श्वनाथ का अभिषेक शांतिधारा अष्टद्रव्यों से पूजा-अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की गई तथा चंद्र प्रभु के तप कल्याणक महोत्सव का अर्घ्य चढ़ाया गया। कार्यक्रम में गौधा ने अवगत कराया कि आयोजक परिवार की तरफ से पार्श्वनाथ भगवान का भव्य कलशाभिषैक एवं महाशांतिधारा करने के बाद 101 पूज्यार्थियों के द्वारा पार्श्वनाथ भगवान की विधान मंडल की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की गई उक्त विधान दोनों संघो के पावन सानिध्य में पंडित केलास कडीला, पं.संतोष बजाज, तथा सुरेश जैन मांदी वालों ने विभिन्न मंत्रोचारणों के सम्पन्न कराया जिसमें श्रीफलों द्वारा 155 अर्घ्य अर्पित कर धर्म लाभ प्राप्त किया। उक्त कार्यक्रम में नला परिवार के कपूर चंद जैन, गोपाल जैन, महावीर जैन, चम्पालाल जैन,रतन लाल जैन, राजेंद्र जैन, सहित सारा नला परिवार उपस्थित था।

# जन्म तप कल्याणक बहुत ही भक्ति भाव हर्षोल्लास के साथ मनाया

**झुमरीतिलैया. शाबाश इंडिया।** श्री दिगंबर जैन समाज द्वारा आठवें तीर्थकर देवाधिदेव 1008 चंदाप्रभु भगवान और 23 वें तीर्थंकर 1008 श्री पारसनाथ भगवान का जन्म तप कल्याणक बहुत ही भक्ति भाव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । आज प्रातः दोनों मंदिरों में 1008 श्री चंदप्रभु भगवान और 1008 श्री पार्श्वनाथ भगवान की प्रतिमा पर प्रथम अभिषेक के साथ सैकड़ों लोगों द्वारा अभिषेक किया गया। उसके पश्चात मूलनायक 1008 श्री पारसनाथ भगवान की प्रतिमा पर शांतिधारा का सौभाग्य समाज के अजित-मनोज गंगवाल, 1008 चंद्रप्रभु की छोटी प्रतिमा पर सुरेन्द्र-शैलेश छाबडा , 1008 पारसनाथ भगवान की छोटी प्रतिमा पर, रतन लाल-राकेश छाबडा , 1008 पारसनाथ की पत्थर की प्रतिमा पर बिमल-संजय बड़जात्या 1008 चंद्रप्रभु की अष्ठधातु की बड़ी प्रतिमा पर अशोक-अनिल पाटौदी को प्राप्त हुआ। इसके बाद सुबोध-आशा गंगवाल के नेतृत्व में संगीतमय पूजन के साथ जन्म कल्याण पर प्रभु के चरणों मे श्री फल और अर्घ समर्पण किया गया। इस अवसर पर समाज के मंत्री ललित सेठी ने बताया कि संध्या में भव्य आरती के साथ कल्याण मंदिर स्त्रोत काव्य के द्वारा 44 दीपकों को प्रभु चरणों में समर्पित किया गया ।सभी कार्यक्रम अजय सेठी के टीम के निर्देशन में हुवा ।सभी कार्यक्रम में समाज के सभी वर्गों ने हिस्सा लिया। कोडरमा मीडिया प्रभारी नवीन जैन, राज कुमार अजमेरा ने दी।



## चंद्र व पारस प्रभू के जन्म एवं तप कल्याणक पर जैतहरी में शोभायात्रा के साथ हुए विविध कार्यक्रम



राजेश रागी.शाबाश इंडिया

जैतहरी । नगर स्थित श्री 1008 चंद्रप्रभू दिगंबर जैन मंदिर में जैन समाज के धर्मावलंवियो द्वारा भगवान पार्श्वनाथ और भगवान चंद्रप्रभु के तप कल्याणक एवं जन्म कल्याणक के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमो का आयोजन किया गया । सुबह श्री जी का अभिषेक शांतिधारा नित्य पूजन विधान किया गया तत्पश्चात पश्चात दोपहर में श्री जी की शोभा यात्रा निकाली गई , शोभा यात्रा में मुनि श्री निरंजन सागर जी के आशीर्वाद से सभी भक्त भक्ति में गाजे बाजे के साथ भक्ति में गाते नाचते नजर आए, शोभा यात्रा जैन मंदिर से प्रारंभ होकर नगर परिषद चौक होते हुए गांधी चौराहा अटल द्वार से पुनः जैन मंदिर पहुंची जहां शोभा यात्रा के पश्चात श्री जी का अभिषेक पूजन किया गया एवं आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम परमप्रभावक शिष्य मुनि श्री 108 निरंजन सागर जी महाराज के प्रवचन का लाभ धर्म प्रेमी बंधुओ को मिला ।शाम को संध्याकालीन आरती का आयोजन किया गया, आरती में भक्तों ने भक्ति पूर्वक गाकर श्री जी की संध्याकालीन आरती की ।यह कार्यक्रम इसलिए भी विशेष है क्योंकि जैन धर्म के आठवें तीर्थंकर चंद्र प्रभु भगवान एवं 23वें तीर्थंकर पारसनाथ भगवान का जन्म एवं तप कल्याणक के अवसर पर आयोजित किया गया है।

### विद्याधर नगर में श्रीमद भागवत ज्ञानयज्ञ पांचवां दिन

# हमेशा प्रेम की भाषा बोलिए: आचार्यश्री मृदुल कृष्ण

## भक्तों ने सुनी माखन चोरी लीला की कथा



जयपुर. शाबाश इंडिया

भागवत मिशन परिवार के बैनर तले गिर्राज संघ परिवार विश्वकर्मा,जयपुर परिवार के 25वें वार्षिकोत्सव पर विद्याधर नगर सेक्टर-7 अग्रसेन हॉस्पीटल के पीछे स्थित मैदान पर चल रहे श्रीमद भागवत कथा ज्ञानयज्ञ के पांचवें दिन रविवार को परम श्रद्धेय आचार्य गोस्वामी श्री मृदुल कृष्ण जी महाराज जी ने कहा कि हम जीवन में वस्तुओं से प्रेम करते है और मनुष्यों का उपयोग करते है।ठीक तो यह है कि हम वस्तुओं का उपयोग करें और मनुष्यों से प्रेम करें।इसलिए हमेशा से प्रेम की भाषा बोलिए जिसे बहरे भी सुन सकते हैं और गूंगे भी समझ सकते है।प्रभु की माखन चोरी लीला हमें यही शिक्षा प्रदान करती है।उन्होंने यह भी कहा कि जहां स्वार्थ समाप्त होता है मानवता वहीं से प्रारम्भ होती है।मानव योनि में जन्म लेने मात्र से जीव को मानवता प्राप्त नहीं होती।यदि मनुष्य योनि में जन्म लेने के बाद भी उसमें स्वार्थ की भावना भरी हुई है, तो वह मानव होते हुए भी राक्षसी वृत्ति की पायदान पर खड़ा रहता है। यदि व्यक्ति स्वार्थ की भावना को त्याग कर हमेशा परमार्थ भाव से जीवन यापन करे तो निश्चित रूप से वह एक अच्छा इन्सान है, यानी सुदृढ मानवता की श्रेणी में खड़ा होकर पर सेवा कार्य में रत है।क्योंकि परमार्थ की भावना ही व्यक्ति को महान बनाती है। महाराजश्री ने परमात्मा श्री कृष्ण की लीलाओं में पूतना चरित्र पर व्याख्यान देते हुए परम श्रद्धेय आचार्य गोस्वामी श्री मृदुल कृष्ण जी महाराज ने कहा कि कंस स्वयं को सब कुछ समझ लिया।हमसे बड़ा कोई न हो।जो हमसे बड़ा बनना चाहे या हमारा विरोधी हो उसको मार दिया जाए। ऐसा निश्चय कर ब्रज क्षेत्र में जितने बालक पैदा हुए हो उनको मार डालो, और इसके लिये पूतना राक्षसी को भेजा तो प्रभु श्री बालकृष्ण भगवान ने पूतना को मोक्ष प्रदान किया ही इधर कंस प्रतापी राजा उग्रसेन का पुत्र होते भी स्वार्थ लोलुपता अधिकाधिक होने के कारण राक्षसो की श्रेणी में आ गया और भगवान श्री कृष्ण ने उसका संहार किया।

## 21 दिवसीय लिपि प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** राजस्थान संस्कृत अकादमी वैदिक हेरिटेज एवं पांडुलिपि शोध संस्थान गणगौरी बाजार जयपुर में चल रही 21 दिवसीय लिपि प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन रविवार को हुआ। मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानेश्वर पुरी महाराज, विशिष्ट अतिथि पुरातत्व विभाग राजस्थान सरकार डॉ. विनय कुमार गुप्ता, सारस्वत अतिथि राजस्थान संस्कृत अकादमी डॉ. राजकुमार जोशी तथा शिक्षा विभाग राजस्थान सरकार डॉ. प्रवीण पंड्या, तथा अध्यक्षता राजस्थान संस्कृत अकादमी डॉ. सरोज कोचर ने की। प्रारंभ में अतिथियों ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया। इसके बाद वैदिक हेरिटेज एवं पांडुलिपि शोध संस्थान के समन्वयक डॉ सुरेंद्र कुमार शर्मा ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर दुपट्टा तथा ब्राह्मी शारदा लिपि में राष्ट्रगान , वह प्राचीन 18 लिपियों में ओमकार स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया।

# जेएसजी प्लैटिनम द्वारा रन फॉर हेल्थ का आयोजन




**उदयपुर. शाबाश इंडिया।** जैन सोशल ग्रुप प्लैटिनम के द्वारा रन फॉर हेल्थ कार्यक्रम का आयोजन फतेहसागर पर किया गया।ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष जितेंद्र हरकावत ने बताया कि रविवार दिनांक 7 जनवरी 2024 को सुबह 7:30 बजे फतहसागर पर ग्रुप सदस्यों द्वारा रन फॉर हेल्थ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।ग्रुप अध्यक्ष विपिन जैन ने बताया कि कार्यक्रम में 100 से अधिक दंपति सदस्यों एवम बच्चो की उपस्थिति रही।स्वरूप सागर छोर से सभी सदस्य रन करते हुए फतेहसागर ओवरफ्लो तक पहुंचे जिसमें सभी सदस्यों के हाथों में जन जागरूकता के मैसेज की तख्तियां थी।इसमें पर्यावरण के प्रति जागरूकता, इंटरनेट का कम उपयोग,प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने,कन्या भ्रूण हत्या को रोकने,रक्तदान करने,झीलों को स्वच्छ रखने एवं अपने स्वास्थ्य के लिए नियमित व्यायाम के संदेश थे।ग्रुप सचिव सुमित खाब्या ने बताया कि फतेहसागर ओवरफ्लो से पुनः स्वरूप सागर छोर पर पहुंचने वाले प्रथम 15 सदस्यों एवं 10 बच्चों को मेडल द्वारा पुरस्कृत किया गया।कार्यक्रम का समापन चौगान मंदिर में अल्पाहार के पश्चात किया गया एवं अंत में ग्रुप सचिव सुमित खाब्या द्वारा सभी को धन्यवाद दिया गया।

# धर्म जागृति संस्थान राजस्थान की सभा में अहिंसक आहार का विद्यालयों के माध्यम से युवाओं में प्रचार का लिया गया निर्णय

## नव पदारोहित उपाध्याय ऋषब नंदी व विज्ञानन्दी का किया गया गुणानुवाद। आचरण की विशुद्धि के लिए अहिंसक आहार की आवश्यकता : विशेष मती माताजी

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

अखिल भारतवर्षीय धर्म जागृति संस्थान प्रांत राजस्थान की वृहत सभा आर्यिका विशेष मति माताजी के सानिध्य में थडी मार्केट में रविवार को आयोजित की गयी । प्रांतीय अध्यक्ष पदम जैन बिलाला की अध्यक्षता में सभा का शुभारंभ शकुन्तला बिंदायक्यकके मंगला चरण तथा महामंत्री सुनील पहाड़िया के द्वारा स्वागत संबोधन से हुई इसके बाद डॉक्टर शीतल चंद शास्त्री ने आचार्य वसुनंदी द्वारा बोलखेड़ा में उपाध्याय पद पर पदारोहित नव द्वय मुनि राज ऋषब नंद व विज्ञा नंद जी का गुणानुवाद किया तथा इन पदों का महत्व समझाया। चातुर्मास में साधु सेवा कर साधु की पिच्छिप्राप्त करने वाले मुनि भक्त मीरा मार्ग समाज के अध्यक्ष सुशील पहाड़िया , जनकपुरी की अक्षिता साखूनिया




तथा प्राची जैन का एवम् संस्थान के संरक्षक बनने पर ओम प्रकाश काला मामाजी व राजीव गाजियाबाद का संस्थान अध्यक्ष पदम जैन बिलाला व सदस्यों द्वारा अभिनंदन किया गया। आर्यिका विशेष मति माताजी ने आचार्य वसुनंदी द्वारा महावीर निर्वाण 2550 को अहिंसक आहार वर्ष घोषित करने के क्रम में अपने आशीर्वचन में भगवान महावीर के अहिंसा सिद्धांत को याद किया तथा कहा कि आज के समय में आचरण की विशुद्धि के लिए अहिंसक आहार एक आवश्यकता है। पंकज लुहाड़िया ने संस्थान द्वारा अहिंसक आहार पर की गई संगोष्ठी व सेल्फी का ज़िक्र किया। सभा ने अध्यक्ष के आह्वान पर स्कूलों के माध्यम से युवाओं को अहिंसक आहार की जानकारी देने का संकल्प किया। कीर्ति नगर पाठशाला के बालकों व शिक्षिकाओं को तत्वार्थ सूत्र वाचन पर शील्ड प्रदान की गई। सभा में ज्ञान चंद जैन, राकेश माधोराजपुरा, रश्मि कांत सोनी, सुभाष पहाड़िया, महेश काला, देवेंद्र कासलीवाल, इंद्रा बडजात्या, सुनील काला, भँवरी देवी, अनिल जैन, अशोक लुहाड़िया, जीतू गंगवाल, महेश सेठी, अनिल छाबड़ा, सुरेश शाह, मिश्री लाल काला, भाग चंद मित्रपुरा सहित गुरु भक्तों की उपस्थिति रही ।

# वीर शिरोमणि श्री नाथाजी स्मृति समारोह में 300से अधिक प्रतिभाओं व वृद्धजनों का सम्मान तथा 500 युनिट रक्तदान



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** नाथावत खांप के प्रवर्तक वीर शिरोमणि श्री नाथाजी स्मृति समारोह फतेह निवास झोटवाड़ा जयपुर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व नौसेना अध्यक्ष एडमिरल माधवेंद्र सिंह चौमूं ने की कार्यक्रम में वृंदावन के विरक्त कुटी आश्रम के प्रसिद्ध राष्ट्र संत श्री बालक दास जी महाराज के पावन सानिध्य में उनके द्वारा दीप प्रचलित कर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथिगण में श्री राजपूत सभा जयपुर के अध्यक्ष राम सिंह चंदलाई क्षत्रिय युवक संघ के राजस्थान प्रमुख लक्ष्मण सिंह बेणियों का बास नरेंद्र सिंह जयपुर डिस्कॉम, गणपत सिंह दहेज विरोधी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष, शक्ति सिंह प्रदेश अध्यक्ष क्षत्रिय महासभा आदि रहे। कार्यक्रम में रक्तदान शिविर का शुभारंभ जयपुर के सांसद रामचरण बोहरा व संस्थान के स्थायी अध्यक्ष सामोद के रावल राघवेन्द्र सिंह ने किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता वरिष्ठ पत्रकार जितेन्द्र सिंह शेखावत थे उनको क्षत्रिय कुल की वास्तविक उपलब्धियों से उपस्थित बंधुओं को अवगत करवाया। बालकदास जी महाराज ने क्षत्रियोचत संस्कारों को जीवन में उतारने व उन पर चलने का आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम में 300 के लगभग प्रतिभाओं, वृद्धजनों व विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों, 80% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले होनहार विद्यार्थियों, राजकीय सेवा में चयनित अभ्यर्थियों,खेल क्षेत्र की प्रतिभाओं व वृद्धजनों का सम्मान किया गया।

# नेट थिएट पर राग सितार



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** नेट थिएट कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज युवा कलाकार नसरुद्दीन खान ने सितार पर अपनी उंगलियों का ऐसा जादू चलाया कि दर्शकों को ठंड के मौसम मैं गर्मी का एहसास कराया। नेट थिएट के राजेंद्र शर्मा राजू ने बताया की कलाकार नसरुद्दीन ने सितार पर राग यमन में जोड़ आलाप, और झाला बजाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया । इस के बाद उन्होंने एक बहुत ही लोकप्रिय प. नीलाद्री कुमार की धुन बजाकर शाम को सुरीला बना दिया। सर्द मौसम में सितार सुनकर लोग मंत्रमुग्ध हो गए। इनके साथ तबले पर युवा तबला वादक नरेंद्र सिंह एवं सोहेल वारसी ने अपनी संगत से कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ रंगकर्मी मनोज स्वामी ने किया। कार्यक्रम संयोजक नवल डागी, प्रकाश व्यवस्था सागर गढ़वाल, कैमरा मनोज स्वामी, मंच सज्जा मनीष एवं अंकित शर्मा नोनू, जीवितेश शर्मा की रही।

# ''तेरे सपने मेरे अपने'' रिलीज



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** रंगशिल्प संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रम मे रवि जोसफ का म्यूजिक अल्बम तेरे सपने मेरे अपने रिलीज किया गया। राज्य के युवा गायक, संगीतकार, गीतकार, रवि जोसफ का नया म्यूजिक अलबम तेरे सपने मेरे अपने जवाहर कला केन्द्र मे रिलीज किया गया। कार्यक्रम मे रवि जोसेफ ने अल्बम के गीत मौसम सि इन आखों में, तेरी याद आने लगी है और टाइटल सोंग तेरे सपने मेरे अपने प्रस्तुत कर दर्शकों को झुंमने पर मजबूर कर दिया। रवि ने अल्बम मे सात गीत रिकॉर्ड किये हे जिस कम्पोज व लिखा भी रवि जोसेफ ने। इस अल्बम को अरेंज किया हे नीरज कटारिया ने व रेकॉडिस हे एन पी स्टुडियो। इस अवसर पर रंगशिल्प के इश्वर दत माथुर व गुर्मिंदर सिंह रोमी व राजेन्द्र शर्मा राजू ने सभी अथिति व दर्शको का स्वागत किया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि डिप्टी डायरेक्टर टूरिज्म अजय कुमार शर्मा व अतिथि भावना शर्मा, वायोलिन वादक गुलजार हुसैन, गजल सिंगर जावेद हुसैन , सुदेश शर्मा ने अल्बम को रिलीज किया। कार्यक्रम का संचालन सत्यन राव ने किया।

## लायंस क्लब जयपुर स्पार्कल द्वारा जरूरतमंदों को कम्बल, रजाई भेंट की गई




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** लायंस क्लब जयपुर स्पार्कल द्वारा नव वर्ष में कड़ाके की सर्दी से राहत दिलाने के उद्देश्य से जरूरतमंदों को रजाई, कम्बल, व गद्दे वितरित किये गए। उक्त कार्यक्रम में ला. मृदुला व सरोज रुंगटा का विशेष सहयोग रहा। क्लब द्वारा डिस्ट्रिक्ट गवर्नर की उपस्तिथि में जरूरतमंदों को कम्बल, ऊनी बनियान, मोजे, टोपे आदि वितरित किये गए।

## सन्मति ग्रुप की केरल यात्रा में मुनार के दर्शनीय स्थल का अवलोकन किया



**केरल. शाबाश इंडिया।** सन्मति ग्रुप की केरल यात्रा में मुनार के दर्शनीय स्थल का अवलोकन किया। अध्यक्ष मनीष- शोभना लोंग्या व सचिव राजेश - रानी पाटनी ने बताया कि यात्रा के दौरान भव्य कथकली शो मुनार में देखा । केरल का यह पारंपरिक डांस है। इसमे कलाकार स्वयं स्टेज पर नृत्य प्रस्तुत करते हैं। राधा कृष्ण व सीता स्वंबर को नृत्य व मुद्रा के द्वारा दर्शाया गया है ।

## जैन सोश्यल ग्रुप महानगर द्वारा पतंगोत्सव का भव्य आयोजन



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जैन सोश्यल ग्रुप महानगर द्वारा पतंग उत्सव का आयोजन किया गया। यह जानकारी देते हुए ग्रुप अध्यक्ष संजय जैन ने बताया कि शहर के बीचो बीच-बिचुन मार्केट में सदस्यों ने जमकर पतंगबाजी का आनंद लिया। साथ ही बच्चों के लिए और महिला सदस्यों के लिए भी अनेक आकर्षक खेलों का आयोजन किया गया। पतंग सजाओ और जुझा लड़ाओ प्रतियोगिता सदस्यों का आकर्षण रही । इस अवसर पर ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष प्रदीप -निशा जैन, रवि प्रकाश -नमिता जैन, डॉ राजीव- अंजू जैन, दीपेश-अलका जैन और वीरेंद्र नीना गदिया सहित अनेक लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में नए सदस्यों का स्वागत भी किया गया। अगले सत्र के लिए सदस्यता शुल्क जमा कराने वालों को आकर्षक उपहार भी दिए गए ।

## दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सन्मति ने किया डॉक्टर पियूष त्रिवेदी का सम्मान




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सन्मति द्वारा एक समारोह में एक्यूप्रेशर एवम आयुर्वेदाचार्य डॉक्टर पियूष त्रिवेदी का माल्यार्पण व मोमेंटो देकर सम्मान किया। इस अवसर पर रीजन अध्यक्ष राजेश बड़जात्या, संस्थापक अध्यक्ष राकेश गोदिका, उपाध्यक्ष राकेश संघी, अनिल संघी, पवन पाटनी, मनोज झांझरी आदि उपस्थित थे।

## अहिंसा शाकाहार पदयात्रा संपन्न



**कोटा. शाबाश इंडिया।** कोटा रामपुरा जैन बड़े मन्दिर जी से प्रातः 7-30बजे अहिसा शाकाहार पदयात्रा का शुभारंभ डी वाई एस पी और लोकसभा अध्यक्ष के निजी सचिव अंकित जैन ने समाज के वरिष्ठ जनों के साथ जैन ध्वज दिखाकर किया। बड़ी संख्या में महिलाएं जैन ध्वज हाथ में लेकर चल रही थी छोटे छोटे बच्चों ने भी जैन पताका हाथ में लेकर पदयात्रा में भाग लिया। दि जैन यात्रा संघ के प्रचार संयोजक जिनेन्द्र पापडीवाल ने बताया कि कड़ाके की सर्दी होने के बावजूद भी पदयात्रियों में भारी उत्साह देखते ही बनता था। रास्ते में पदयात्रियों का करीब 15 स्थानों पर जैन बन्धुओं एवं धार्मिक संस्थाओं ने भाव भीना स्वागत किया । यह पदयात्रा रामपुरा से लाडपुरा नयापुरा स्टेशन भदाना रंगपुर होती हुई केशवराय पाटन पहुंची। वहां पर शान्ति मण्डल विधान का आयोजन श्रद्धा भक्ति और समर्पण के साथ किया गया। अतिशय कारी मुनिसुव्रत भगवान के समक्ष भी श्रद्धालुओं ने खूब नाच गाकर अपनी भक्ति प्रकट की। रास्ते में पदयात्रियों को लक्की ड्रा के कूपन वितरण किए गए जिनके पुरस्कार के पाटन जैन मन्दिर में वितरित किए गए। महिलाओं द्वारा हाऊजी का भी आयोजन किया गया। **करीब 600 समाज बन्धुओं ने पदयात्रा में भाग लिया:** पदयात्रियों का केशवराय पाटन जैन मन्दिर कार्यकारणी एवं अध्यक्ष गुलाब चूना वालो ने भाव भीना सम्मान किया। समिति के पदाधिकारी पदम टोंग्या , प्रदीप पाटनी , राजकुमार शास्त्री, अजय पापडीवाल ने अतिथियों और दानदाताओं का स्वागत किया। यात्रा संघ द्वारा अन्त मे सभी के प्रति धन्यवाद प्रकट किया।